महा लक्ष्मी की आरती

ॐ जय लक्ष्मी माता मैया जय लक्ष्मी माता
तुम को निश दिन सेवत हरि विष्णु दाता मैया जय लक्ष्मी माता
उमा रमा ब्रह्माणी तुम हो जग माता मैया तुम हो जग माता
सूर्य चन्द्रमा ध्यावत नारद ऋषि गाता मैया जय लक्ष्मी माता
दुर्गा रूप निरंजनि सुख सम्पत्ति दाता मैया सुख सम्पत्ति दाता
जो कोई तुम को ध्याता रिधि सिधि धन पाता मैया जय लक्ष्मी माता
जिस घर में तू रहती सब सुख गुण गाता मैया सब सुख गुण गाता
ताप पाप मिट जाता मन नहीं घबराता मैया जय लक्ष्मी माता
धूप दीप फल मेवा मा स्वीकार करो मैया मा स्वीकार करो
ज्ञान प्रकाश करो मॉ मोह अज्ञान हरो मैया जय लक्ष्मी माता
महा लक्ष्मी की आरती निशि दिन जो गावे मैया निशि दिन जो गावे
दुख जावे सुख आवे अति आनंद पावे मैया जय लक्ष्मी माता